# REET - 2015 Level-II

## पेपर II 7 फरवरी, 2016

## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

1. निम्न में से कौन सीखने के सही स्तर हैं?

(अ) तथ्य, ज्ञान प्राप्त करना, सूचना, बोध, प्रज्ञान

(ब) तथ्य, सूचना, बोध, ज्ञान प्राप्त करना, प्रज्ञान

(स) तथ्य, सूचना, ज्ञान प्राप्त करना, बोध, प्रज्ञान

(द) तथ्य, बोध, सूचना, ज्ञान प्राप्त करना, प्रज्ञान (स)

**विशेष-**Facts, Information, Knowledge-how, Comprehension, Wisdom.

2. परिपक्वता इत्यादि से व्यवहार में उत्पन्न परिवर्तन को भी अधिगम कहा जाता है ?

(अ) नहीं (ब) हाँ

(स) अनिश्चित (द) कभी-कभी (अ)

विशेष - अनुभव एवं प्रशिक्षण द्वारा व्यवहार में परिवर्तन या संशोधन ही अधिगम है। — गेट्स

3. चिन्तन क्या है?

(अ) प्रतीकों का प्रयोग (ब) भाषा का प्रयोग

(स) प्रात्यक्षिक क्रिया (द) सम्प्रत्यय अधिगम (अ)

**विशेष** - प्रतिमाओं, प्रतीकों, संप्रत्ययों, नियमों एवं अन्य मध्यस्थ इकाइयों के मानसिक जोड़-तोड़ को चिन्तन कहा जाता है। **— कागन एण्ड हेवमैन**

4. अप्रत्यक्ष पथ समस्याओं का उपयोग किस श्रेणी के प्रयोज्यों के लिए किया जाता है?

(अ) बच्चे (ब) प्रौढ़

(स) चिड़ियाँ (द) पशु (ब)



www.gkabhi.in

5. समस्या के अचानक समाधान की वकालत करने वाले सिद्धान्त का नाम है?

(अ) सक्रियात्मक अधिगम (ब) सूझ का सिद्धान्त

(स) प्रत्यक्ष एवं भूल का सिद्धान्त (द) अनुबन्धन (ब)

**विशेष** - सूझ का सिद्धान्त गेस्टाल्ट वादियों ने दिया। इस सिद्धान्त के प्रयोग मेक्स वर्दीमर, कोहलर तथा कोफ्का ने सुल्तान नामक चिम्पेंजी पर किये।

6. 'संवेदना ज्ञान की पहली सीढ़ी है।'यह कथन

(अ) मानसिक विकास है (ब) शारीरिक विकास है

(स) ध्यान का विकास है (द) भाषा का विकास है (अ)

7. व्यक्तिगत भेद में हम पाते हैं

(अ) विचलनशीलता (ब) प्रतिमानता

(स) (a) और (b) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं (स)

**विशेष -** विचलनशीलता (Variability) → परिवर्तनशीलता

प्रतिमानता (Normality) → साधारण अवस्था

8. मेरडिथ के अध्ययन के आधार पर कहा जा सकता है कि सामान्य रूप से उन परिवारों के बालक............होते हैं, जो सामाजिक स्तर से ऊँचे होते हैं।

(अ) कम स्वस्थ एवं विकसित (ब) अधिक स्वस्थ एवं विकसित

(स) अधिक स्वस्थ एवं कम विकसित (द) स्वस्थ नहीं पर विकसित (ब)

9. कैटल द्वारा विश्लेषित किए गए व्यक्तित्व शीलगुणों की संख्या कितनी है?

(अ) 13 (ब) 15 (स) 16 (द) 14 (स)

**विशेष -** केटल ने व्यक्तित्व के शीलगुणों को सतही शीलगुण तथा मूल शीलगुण में विभक्त किया है। व्यक्ति के मूल शीलगुणों में 16 शीलगुणों को कैटल महत्त्वपूर्ण माना है।

10. मूर्रे ने एक परीक्षण की रचना करके इतिहास रच दिया, वह क्या है?

(अ) स्याही धब्बा परीक्षण (ब) वाक्य पूर्ति परीक्षण

(स) विषय आत्मबोधन परीक्षण (द) मूल्यांकन मापनी (स)

**विशेष -** विषय आत्मबोध परीक्षण (Thematic Apperception Test/TAT) → इसमें कुल कार्ड 30 + 1 = 31 (1 कार्ड खाली) होते है। TAT के प्रतिपादन में मार्गन व मूर्रे दोनों मनोवैज्ञानिकों का नाम आता है।

11. व्यावहारिक बुद्धि को कहा जाता है

(अ) मूर्त बुद्धि (ब) अमूर्त बुद्धि

(स) संज्ञानात्मक योग्यता (द) सामाजिक बुद्धि (अ)

**विशेष -** मूर्त बुद्धि से तात्पर्य वह मानसिक क्षमता जिसके सहारे व्यक्ति ठोस वस्तुओं के महत्त्व को समझाता और उनके बारे में सोचता है।

12. बुद्धि के त्रिआयामी सिद्धान्त के अनुसार बुद्धि के कारकों की संख्या है

(अ) 90 (ब) 110

(स) 135 (द) 120 (द)

13. परिवेश की वस्तु जिसे प्राणी प्राप्त करने का प्रयास करता है कही जाती है

(अ) प्रबलन (ब) प्रेरक

(स) उद्दीपक (द) प्रलोभन (ब)

14. प्रतिभावना बालकों की पहचान करने के लिए हमें सबसे अधिक महत्व

(अ) अभिभावकों के मत को देना चाहिए

(ब) वस्तुनिष्ठ परीक्षणों के परिणाम को देना चाहिए

(स) शिक्षक के निर्णय को देना चाहिए

(द) समुदाय के विचारों को देना चाहिए (ब)

15. निम्न में से कौन-सा तनाव को कम करने का अप्रत्यक्ष ढंग है?

(अ) विश्लेषण और निर्णय (ब) रूकावट को दूर करना

(स) दूसरे लक्ष्यों का प्रतिस्थापन (द) उदात्तीकरण (द)

16. निम्न में से कौन-सी डिसलेक्सिया (Dyslexia) की विशेषता नहीं है?

(अ) वाचन परिशुद्धता, गति तथा बोध की समस्याएँ

(ब) सीधे या उल्टे हाथ के प्रयोग के सम्बन्ध में निश्चय

(स) लिखने की धीमी गति

(द) छपे हुए शब्दों को सीखने और याद करने की कठिनाइयाँ (ब)

17. सशक्त अभिप्रेरणा सीखने का प्रभावशाली घटक है

(अ) इससे बालक स्वस्थ रहता है (ब) ध्यान करता है

(स) शीघ्र सीखता है (द) प्रसन्न रहता है (स)

विशेष - स्किनर ने "अभिप्रेरणा को सीखने का सर्वोत्तम राजमार्ग कहा है।

18. हस्तशिल्प की शिक्षा दी जानी चाहिए।

(अ) मन्दबुद्धि बालक को (ब) पिछड़े बालक को

(स) सामान्य बालक को (द) प्रखर बुद्धि बालक को (अ)

**विशेष -** हस्तशिल्प की शिक्षा देकर मन्दबुद्धि बालकों सीधे रोजगार से जोड़ा जा सकता है ताकि वे समाज की मुख्य धारा का हिस्सा बन सके।

19. छात्रों में चोरी करने की आदत को कैसे दूर किया जा सकता है?

(अ) बालकों को पारितोषिक देकर (ब) उदाहरण देकर

(स) ताड़ना देकर (द) सजा देकर (ब)

20. अनुसन्धान जो सामाजिक समस्या से सम्बन्धित होता है तथा विद्यालय की जनशक्ति के द्वारा विद्यालय में क्रियाकलापों के सुधार हेतु संचालित किया जाता है, .........कहलाता है।

(अ) मौलिक अनुसंधान (ब) क्रियात्मक अनुसंधान

(स) सामाजिक अनुसंधान (द) इनमें से कोई नहीं (ब)

21. उपलब्धि परीक्षण दिए जा सकते हैं

(अ) दो प्रकार से (ब) चार प्रकार से

(स) छ: प्रकार से (द) तीन प्रकार से (*)

**विशेष -** उपलब्धि परीक्षण द्वारा ज्ञान या कौशल के किसी विशेष क्षेत्र में व्यक्ति की अर्जित निपुणता की वर्तमान स्थिति की माप होती है।

22. बालकों का मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार, 2009 देश में लागू हुआ

(अ) 1 अप्रैल, 2009 (ब) 1 अप्रैल, 2010

(स) 1 नवम्बर, 2009 (द) 1 नवम्बर, 2010 (ब)

**विशेष -** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 45 में 6से 14 बर्ष तक के बच्चों के लिये अनिवार्य एवं नि:शुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गयी है तथा 86 वें संशोधन द्वारा 21 (क) में प्राथमिक शिक्षा को सब नागरिको का मूलाधिकार बना दिया गया है। यह 1 अप्रैल 2010 को जम्मू -कश्मीर को छोड़कर सम्पूर्ण भारत में लागु हुआ।

23. NCF 2005 में कला शिक्षा को विद्यालय में जोड़ने का उद्देश्य है

(अ) सांस्कृतिक विरासत की प्रशंसा करना

(ब) छात्रों के व्यक्तित्व और मानसिक स्वास्थ्य को विकसित करना

(स) केवल (a) सही है

(द) (a) और (b) दोनों सही हैं (द)

24. जब बालक की परीक्षा द्वारा मापी हुई योग्यता के सही मूल्यांकन में स्थायित्व होता है, तब उस परीक्षा को.........कहते हैं।

(अ) वैधता (ब) विश्वसनीयता

(स) वस्तुनिष्ठता (द) इनमें से कोई नहीं (ब)

25. .........में मापन की भूमिका सब सीखी हुई कुशलताओं में निष्पादन का एक सम्पूर्ण अवलोकन देती है।

(अ) निर्माणात्मक मूल्यांकन (ब) योगात्मक मूल्यांकन

(स) निदानात्मक मूल्यांकन (द) इनमें से कोई नहीं (ब)

26. मनुष्य जीवन का आरम्भ मूलत: घटित है

(अ) दो कोष (ब) केवल एक कोष

(स) कई कोष (द) कोई कोष नहीं (ब)

27. शैशवावस्था की विशेषता नहीं है

(अ) शारीरिक विकास की तीव्रता (ब) दूसरों पर निर्भरता

(स) नैतिकता का होना (द) मानसिक विकास में तीव्रता (स)

28. गामक विकास से हमारा तात्पर्य माँसपेशियाँ के विकास से तथा पैरों के उचित उपयोग

(अ) मस्तिष्क और आत्मा (ब) अधिगम और शिक्षा

(स) प्रशिक्षण और अधिगम (द) शक्ति और गति (द)

29. "बीसवीं शताब्दी को बालक की शताब्दी कहा जाता है।" यह परिभाषा दी है

(अ) मुर्रे (ब) एडलर

(स) क्रो व क्रो (द) जे बी वाटसन (स)

30. इस अवस्था को मिथ्या-पक्वता (Pseudo Maturity) का समय भी कहा जाता है

(अ) शैशवावस्था (ब) बाल्यावस्था

(स) किशोरावस्था (द) प्रौढ़ावस्था (ब)

❑❑❑

For Indian GK, Rajasthan GK, Subjective Knowledge Educational Psychology, Sanskrit, Hindi etc.

Follow Website → www.gkabhi.in

Subcribe Youtube → www.youtube.com/ekanshstudy

Subcribe Youtube → https://www.youtube.com/c/GKAbhi